# कार्यालय महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,उत्तर प्रदेश, छठा तल जवाहर भवन, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3 / 2014 / 1894 लखनऊःदिनांकः **30 जुलाई 2014**

## सी0पी0एम0टी0–2014 की प्रथम चक्र की काउसिलिंग की समय सारणी

| **काउंसिलिंग स्थल के नाम** | |
|---|---|
| 1- Tele Medicine Center, S.G.P.G.I., Raibareily Road, Lucknow. | Tel- 0522- 2495235 |
| 2- Tele Medicine Center, GSVM Medical College, Swaroop Nagar, Kanpur. | Tel: 0512- 2535483 |
| 3- Tele Medicine Center, MLN Medical College, Louther Road, Allahabad. | Tel. 0532- 2256507 |
| 4- Tele Medicine Center, L.L.R.M.Medical College Garh Road, Meerut. | Tel:0121- 2760888 |

| क.सं. | **आमंत्रित अभ्यर्थी (स्टेट रैंक)** | **प्रमाण पत्रों के सत्यापन का दिनांक एवं पंजीकरण तिथि (किसी एक काउंसिलिंग केन्द्र पर) (समय प्रातः 9:.30 बजे से सायं 5.00 बजे तक)** | **काउंसिलिंग की तिथि** | **पाठ्यक्रम** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 से 400 तक के अन्तर्गत आने वाले Gen, OBC, SC, ST, PH, EA, FF, NCC & GL उपश्रेणी के सभी अभ्यर्थी | 02.8.2014 (दिन शनिवार) | 03.8.2014 (दिन रविवार) | MBBS, BDS (शासकीय सीटें) |
| 2 | 401 से 800 तक के अन्तर्गत आने वाले Gen, OBC, SC, ST, PH, EA, FF, NCC & GL उपश्रेणी के सभी अभ्यर्थी | 03.8.2014 (दिन रविवार) | 04.8.2014 (दिन सोमवार) | ——तदैव—— |
| 3 | 801 से 2000 तक के अन्तर्गत आने वाले Gen, OBC, SC, ST, PH, EA, FF, NCC & GL उपश्रेणी के सभी अभ्यर्थी | 04.8.2014 (दिन सोमवार) | 05.8.2014 (दिन मंगलवार) | ——तदैव—— |
| 4 | **2001 से 6000 तक के अन्तर्गत आने वाले** :–<br>1– SC, ST श्रेणी के सभी अभ्यर्थी<br>2– PH, EA, FF, NCC (सभी श्रेणी के अभ्यर्थी–Gen, OBC, SC, ST)<br>3– GL ( केवल SC, ST श्रेणी हेतु) | 05.8.2014 (दिन मंगलवार) | 06.8.2014 (दिन बुधवार) | ——तदैव—— |
| 5 | 1– 6001 से 10000 तक के अन्तर्गत आने वाले **SC श्रेणी के समस्त अभ्यर्थी**<br>2– स्टेट रैंक 10000 तक के अन्तर्गत आने वाली SC GL श्रेणी की महिला अभ्यर्थी<br>3– ST श्रेणी के समस्त अर्ह अभ्यर्थी<br>4– PH, EA, FF, NCC उपश्रेणी के सभी अभ्यर्थी ( Gen, OBC, SC, ST) | 06.8.2014 (दिन बुधवार) | 07.8.2014 (दिन गुरूवार) | |

( **Gen** -सामान्य (अनारक्षित) **OBC**-अन्य पिछडा वर्ग **SC**-अनुसूचित जाति **ST**- अनुसूचित जनजाति **FF**-स्वंतन्त्रता संग्राम सेनानी **EA**- भूतपूर्व सैनिक के आश्रित **PH**-विकलांग, **NCC**–एन0सी0सी0 **GL**–महिला)

**नोटः– आमंत्रित अभ्यर्थी प्रथमतः प्रमाण पत्रों की जॉच तथा पंजीकरण उपरोक्त में से अपनी सुविधानुसार किसी काउंसिलिंग केन्द्र पर कराएंगे तत्पश्चात अर्ह पाये जाने पर उसी काउंसिलिंग केन्द्र पर काउंसिलिंग के लिए सभी अर्ह अभ्यर्थी प्रातः 9:30 बजे हेतु उपस्थित होंगे।**

## अभ्यर्थियों हेतु सामान्य निर्देश

- 1– काउंसिलिंग में भाग लेने हेतु काउसिलिंग शुल्क के रूप में रूपये–500/–( रूपये पॉच सौ मात्र) तथा धरोहर धनराशि रूपया–5,000/–(रूपये पांच हजार मात्र) है, काउंसिलिंग शुल्क रूपये 500/– Non Refundable है, **<u>जिसे भारतीय स्टेट बैंक के माध्यम से निम्न प्रक्रियानुसार जमा किया जाना होगाः</u>**–
- काउंसिलिंग शुल्क का भुगतान ऑनलाईन पेमेन्ट एवं ऑफलाईन पेमेन्ट के माध्यम से किया जा सकता है जिसकी प्रक्रिया निम्नवत हैः–
- शुल्क जमा करने हेतु कम्प्यूटर, इण्टरनेट कनेक्शन एवं प्रिण्टर की आवश्यकता होगी।
- अभ्यर्थी अपनी अर्हता का आंकलन सी0पी0एम0टी0–2014 के ब्रोशर में निर्धारित व्यवस्थानुसार स्वयं करते हुए शुल्क जमा करना सुनिश्चित करें।
- **<u>काउंसिलिंग शुल्क तथा सिक्योरिटी शुल्क दिनांक 31 जुलाई 2014 से जमा किया जा सकता है।</u>**
- शुल्क जमा करने की वेबसाईट **<u>www.updgme.in</u>** अथवा **<u>http://www.onlinesbi.com/prelogin/icollecthome.htm है।</u>**
  (क) <u>आनलाईन पेमेन्ट</u>– डेबिट/क्रेडिट कार्ड/नेटबैंकिंग का प्रयोग करें (किसी भी बैंक का)
- ऑनलाईन भुगतान करने हेतु स्टेप्स निम्नवत हैंः–

| **<u>www.updgme.in</u>** के माध्यम से शुल्क जमा करने की प्रक्रिया | **<u>http://www.onlinesbi.com/prelogin/icollecthome.htm</u>** के माध्यम से शुल्क जमा करने की प्रक्रिया |
|---|---|
| वेबसाईट www.updgme.in/CPMTCOUNSELLING पर लॉगइन करें। | वेबसाईट http://www.onlinesbi.com/prelogin/ icollecthome.htm पर लॉग इन करें। |
| Select Payment Category: CPMTCOUNSELLING FEE | Select State: as Uttar Pradesh |
| Enter Roll Number | Select : Educational Institution |
| | Select : Director General Medical Education and training |
| | selection process/fee category name |
| | Enter Roll Number |
| स्क्रीन पर छात्र के Basic Details प्रदर्शित होंगे, जिन्हे आप verify करेंगे।<br>Refund हेतु छात्र अपनी Bank Details भरेंगे।<br>भुगतान हेतु विकल्प स्क्रीन पर प्रदर्शित होंगे, जिसमे SBI इण्टरनेट बैंकिंग, एस0बी0आई0 डेबिट कार्ड, अन्य बैंकों के डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड तथा भारतीय स्टेट बैंक की किसी भी शाखा में नकद धनराशि जमा करने के विकल्प उपलब्ध होंगे।<br>यदि ऑनलाईन माध्यम से भुगतान की प्रक्रिया का चयन किया गया है तो उपरोक्त में से चयनित विकल्प के अनुसार स्क्रीन पर बैंक, डेबिट कार्ड एवं क्रेडिट कार्ड से संबंधित आई0डी0 और पासवर्ड की सूचना भरे जाने पर ही भुगतान सुनिश्चित होगा।<br>**<u>ऑफलाईन प्रक्रियाः</u>**<br>यदि Cash (नकद) भुगतान की प्रक्रिया का चयन किया गया है तो छात्र ई–चालान के प्रिण्ट आऊट के माध्यम से भारतीय स्टेट बैंक की किसी भी शाखा में धनराशि जमा कर सकता है। | |

आफलाईन प्रक्रिया से भुगतान करने की दशा में उपरोक्त दर्शायी गयी प्रक्रिया के अनुसार अभ्यर्थी ई–चालान के प्रिण्ट आऊट के साथ भारतीय स्टेट बैंक की किसी भी शाखा में काउंसिलिंग शुल्क रू0 500/– तथा सिक्योरिटी धनराशि रू0 5000/– जमा कर सकता है। अभ्यर्थी द्वारा उक्त धनराशि बैंक में जमा होने संबंधी चालान की मूल प्रति काउंसिलिंग स्थल पर प्रस्तुत करना होगा अथवा छात्र को अपना Transaction Number, जो दस अंको (उदाहरणार्थ DUxxxxxxxx) का होगा, काउंसिलिंग हेतु पंजीकरण के समय बताना होगा, कृपया सभी अभ्यर्थी अपना Transaction Number नोट करना सुनिश्चित करें।

2– अभ्यर्थियों की सिक्योरिटी धनराशि रू0 5000/– की वापसी ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से उनके खाते में दिनांक 15 नवम्बर 2014 से 31 दिसम्बर 2014 के मध्य की जाएगी।

3– काउसिंलिग हेतु अलग से कोई सूचना (काल लेटर) प्रेषित नही की जायेगी। प्रकाशित सूचना तथा website www.updgme.in पर उपलब्ध सूचना के आधार पर काउसिंलिग हेतु उपस्थित होना होगा ।

4– श्रेणी विशेष की निर्धारित सीटें समाप्त होने पर उस श्रेणी की काउसिंलिग समाप्त कर दी जायेगी।

5– काउसिंलिग बोर्ड का निर्णय प्रत्येक प्रकरण में अंतिम व मान्य होगा।

6– काउसिंलिग के समय अर्हता सम्बन्धी सभी मूल प्रमाण पत्र (आरक्षित श्रेणी/उपश्रेणी प्रमाण पत्र सहित) तथा उनकी एक–एक स्वप्रमाणित प्रतिलिपि एवं सी0पी0एम0टी0–2014 के आवेदन पत्र पर चस्पा की गयी फोटो की 04 प्रतियां तथा सी0पी0एम0टी0–2014 का प्रवेश पत्र मूल रूप में साथ लाना आवश्यक है। अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थी जाति प्रमाण पत्र जो दिनांक **31 मार्च 2014** के बाद का बना हो, तथा जिसमें क्रिमीलेयर में न होने का प्रमाण भी अंकित हो, मूल रूप में लाना सुनिश्चित करें। **मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने पर काउंसिलिंग में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

7– अखिल भारतीय कोटा–2014 की काउंसिलिंग के माध्यम से प्रवेशित छात्रों को उनके मूल प्रमाण पत्र कालेज में जमा होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र तथा सी0पी0एम0टी0 2014 की प्रथम काउंसिलिंग में सम्मिलित होने संबंधी अनापत्ति प्रमाण पत्र, जो सम्बन्धित मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य/डीन द्वारा निर्गत किया गया हो, को काउंसिलिंग के समय मूलरूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अथवा अखिल भारतीय कोटा के माध्यम से आवंटन संबंधी सुसंगत साक्ष्य/ (MCC Certificate- Medical Counseling Committee Certificate), को काउंसिलिंग के समय मूलरूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा । **उक्त अभिलेख प्रस्तुत न करने पर काउंसिलिंग में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

8– अन्य निर्देश तथा विवरण इस कार्यालय की बेवसाइट www.updgme.in पर उपलब्ध है।

**महानिदेशक**